न्यायालय भू0 अभिलेख अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी), बाली, जिला–पाली (राजस्थान)

पीठासीन अधिकारी : श्री अतुल प्रकाश आई.ए.एस.

राजस्व विविध प्रकरण संख्या : 14/2021 GCMS No 2021/32

दायरा तिथि : 17.02.2021

फैसला तिथि : 1-10-2021

प्रार्थी::–

खेतपालसिंह उर्फ खेतसिंह पुत्र केसाजी उर्फ केसूलालजी, जाति–राजपुरोहित, निवासी–बोया, तह–बाली जिला पाली (राजस्थान)

बनाम

अप्रार्थी :–

राजस्थान सरकार जरिये (भूमिधारी) तहसीलदार, बाली

उपस्थितिः–

1. श्री नारायणसिंह राजपुरोहित .... अभिभाषक प्रार्थी की ओर से
2. नायब तहसीलदार, बाली .... पैरोकार सरकार की ओर से

दिनांक 1-10-2021

–:: आदेश ::–

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 136 राजस्थान भूराजस्व अधिनियम, 1956

प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैं। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 136 राजस्थान भूराजस्व अधिनियम, 1956 विरूद्ध अप्रार्थी प्रस्तुत कर प्रार्थी द्वारा ग्राम बोया तहसील बाली में धारित की जा रही खातेदारी भूमि खसरा नंबर 384, 388, 392, 397 कुल खसरा–04 कुल रकबा 1.06 हैक्टर एवं खसरा नंबर 451, 452, 453 कुल खसरा–03 कुल रकबा 6.1000 हैक्टर एवं खसरा नंवर 480, 481, 484, 485, 487, 488, 489, 490, 491, 496, 497, 498, 499, 500, 843, 844,845, 846, 847 कुल खसरा–19 रकबा 21.37 हैक्टर में **दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम खेतसिंह पुत्र केसा** को **दुरस्ती** के माध्यम से **सही व वास्तविक नाम खेतपालसिंह पुत्र केसाजी उर्फ केसुलाल शुद्ध** किये जाने का निवेदन किया। प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों की पुष्टि में बतौर अभिलेखीय साक्ष्य नामान्तरकरण संख्या 283 की प्रति, वादग्रस्त भूमियो की जमाबंदी की प्रतियॉं, दी पाली सैन्ट्रल कॉ. ऑपरेटिव बैंक की पासबुक प्रति, यूनियन बैंक की पासवुक प्रति, पंजाव नेशनल बैंक खाते की पासबुक की प्रति, आधार कार्ड की फोटो प्रति, राशन कार्ड की फोटो प्रति पेश की गई। प्रस्तुत प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी तहसीलदार, बाली से रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार, बाली ने जांच कर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र अनुसार वर्णित भूमियो में त्रुटिपुर्ण नाम **त्रुटिपुर्ण नाम खेतसिंह पुत्र केसा** दर्ज होना तथा उक्त त्रुटि नामान्तरकरण संख्या 283 दर्ज करते समय होने से प्रार्थी द्वारा धारित दस्तावेजो एवं सरपंच ग्राम पंचायत बोया द्वारा जारी प्रमाण पत्र के प्रार्थी का **सही व वास्तविक नाम खेतपालसिंह पुत्र केसाजी उर्फ केसुलाल** होना स्वीकार किया, तथा खाता संख्या 668 वर्तमान जमाबंदी में अपवादित खाता होने की रिपोर्ट पेश की गई। अपनी रिपोर्ट में प्रार्थी के **त्रुटिपुर्ण नाम खेतसिंह पुत्र केसा** के स्थान पर **सही व वास्तविक नाम खेतपालसिंह पुत्र केसाजी उर्फ केसुलाल** शुद्ध किये जाने बाबत् सहमति प्रदान की गई।

प्रकरण में तहसीलदार, बाली की रिपोर्ट प्राप्त होने पर वकुलाय की बहस सुनी गई। विद्वान् वकील प्रार्थी श्री नारायणसिंह राजपुरोहित ने बहस में प्रार्थना पत्र के तथ्यो को दोहराते हुये दलील दी कि प्रार्थी का **सही व वास्तविक नाम खेतपालसिंह पुत्र केसाजी उर्फ केसुलाल** है, जिसकी पुष्टि में प्रार्थी द्वारा धारित दस्तावेज नामान्तरकरण संख्या 283 की प्रति, वादग्रस्त भूमियो की जमाबंदी की प्रतियॉं, दी पाली सैन्ट्रल कॉ.ऑपरेटिव बैंक की पासबुक प्रति, यूनियन बैंक की पासबुक प्रति, पंजाब नेशनल बैंक खाते की पासबुक की प्रति, आधार कार्ड की फोटो प्रति, राशन कार्ड की फोटो प्रति पेश कर दी है। नामान्तरकरण सं. 283 दर्ज करते समय प्रार्थी का त्रुटिपुर्ण नाम **खेतसिंह पुत्र केसा** दर्ज कर दिया हैं। तहसीलदार, बाली ने रिपोर्ट में खाता संख्या 668 को अपवादित बताया है, परन्तु प्रार्थी की इस्तदुआ मात्र नाम संशोधन तक ही है जिससे प्रस्तुत अभिलेखीय साक्ष्यों के अनुसार राजस्व रेकर्ड में भी नाम दुरस्त किये जाने की मांग की गई।

पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन व वकुलाय की बहस पर मनन के पश्चात् प्रार्थना पत्र प्रार्थी धारा 136 राज. भूराजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता हैं। ग्राम बोया तहसील बाली में प्रार्थी के सह खातेदारी में धारित की जा रही खातेदारी भूमि खसरा नंबर 384, 388, 392, 397 कुल खसरा–04 कुल रकबा 1.06 हैक्टर एवं ख्सरा नंवर 451, 452, 453 कुल खसरा–03 कुल रकवा 6.1000 हैक्टर एवं खसरा नंबर 480, 481, 484, 485, 487, 488, 489, 490, 491, 496, 497, 498, 499, 500, 843, 844,845, 846, 847 कुल खसरा–19 रकवा 21.37 हैक्टर में **दर्ज त्रुटिपुर्ण नाम खेतसिंह पुत्र केसा** को **दुरस्ती** के माध्यम से **सही व वास्तविक नाम खेतपालसिंह पुत्र केसाजी उर्फ केसुलाल शुद्ध** किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। रेकर्ड में दर्ज शेष इन्द्राज बदस्तुर कायम रखे जावे। आदेश प्रति तहसीलदार, बाली व पटवारी हल्का, बोया को पालनार्थ भिजवाई जावे। मिसल फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।

(श्री अतुल प्रकाश)
उपखण्ड अधिकारी
भू0 अभिलेख अधिकारी
(एस.डी.ओ.), बाली
बाली, जिला-पाली (राज.)

आदेश आज दिनांक 1-10-2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

भू0 अभिलेख अधिकारी
(एस.डी.ओ.), बाली
उपखण्ड अधिकारी
बाली, जिला-पाली (राज.)

उपखण्ड अधिकारी * बाली, जिला-पाली (राज.)

Scanned with CamScanner